Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट(मेटल एवं एनर्जी) 23 मार्च 2021

अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज

COMEX/NYMEX (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	मई	26-05-21	25.77
सोना	अप्रैल	28-04-21	1738.10
कच्चा तेल	मई	20-04-21	61.56
ब्रेंट कच्चा तेल	मई	31-03-21	64.62
नेचुरल गैस	अप्रैल	29-03-21	2.58

करेंसी/कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया*	72.37
डॉलर इंडेक्स	91.80
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.19
सीआरबी इंडेक्स	200.62

LME (बेस मेटल)(डॉलर/टन में)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	9097.50
एल्युमिनियम	नकद	2254.00
जिंक	नकद	2860.50
लेड	नकद	1951.00
निकल	नकद	16425.00

(SHFE (बेस मेटल)(युवॉन/टन में)

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव
तांबा	15 अप्रैल 21	66770.00
एल्युमिनियम	15 अप्रैल 21	17555.00
जिंक	15 अप्रैल 21	21780.00
लेड	15 अप्रैल 21	14855.00

घरेलू बाजार

MCX/ICEX

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
बुलडेक्स	24-03-21	14227.00	मंदी	17.03.21	14279.00	14880.00
चांदी	05-03-21	66331.00	तेजी	18.05.20	47698.00	65000.00
सोना	05-04-21	44905.00	मंदी	18.03.21	44951.00	46200.00
कच्चा तेल	19-04-21	4477.00	तेजी	24.11.20	3333.00	4050.00
नेचुरल गैस	26-03-21	186.00	साइडवेज	23.12.20	191.90	-

फेरस एवं बेस मेटल	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	31-03-21	677.65	साइडवेज	16.03.21	669.30	-
एल्युमिनियम	31-03-21	177.15	तेजी	10.06.20	138.40	162.00
जिंक	31-03-21	221.45	तेजी	11.05.20	156.60	205.00
लेड	31-03-21	162.10	साइडवेज	12.03.21	160.00	-
निकल	31-03-21	1179.60	मंदी	04.02.21	1162.90	1240.00
मेटलडेक्स	20-04-21	13993.00	तेजी	16.11.20	12939.00	13000.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

22.03.21 को सभी बंद भाव

Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट(मेटल एवं एनर्जी)

सर्राफा: सर्राफा की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है। सोने की कीमतों को 45300 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 44600 रू पर सपोर्ट रह सकता है जबकि चांदी(मई) की कीमतों में 66900 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 65800 रू पर सपोर्ट रह सकता है। इक्विटी बाजारों और डॉलर में बढ़त के कारण आज सोने की कीमतों में गिरावट हुई लेकिन यूरोप भर में कोरोनोवायरस के मामलों को लेकर चिंता के कारण बढ़त सीमित रही है। । साने की हाजिर कीमतें 0.3% गिरकर 1,733.69 डॉलर प्रति औंस के नजदीक कारोबार कर रही हैं । अमेरिकी सोना वायदा 0.1% की गिरावट के साथ 1,736.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। डॉलर के पिछले सत्र में प्रमुख करेंसियों के मुकाबले चार महीने के उच्च स्तर से गिरावट के बाद थोड़ी मजबूत के होने के कारण सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है। फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने सोमवार को कहा है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था बहुत बेहतर है, लेकिन साथ ही चेतावनी दी कि रिकवरी अभी भी पूरी तरह से दूर है। यूरोपीय सेंटल बैंक ने पिछले सप्ताह बॉन्ड की खरीद में लगभग आधे की वृद्धि की है और उधार लेने की लागत पर रोक लगाने के लिए अपने प्रोत्साहन प्रयासों को तेज करते हुए कहा है कि वह बॉन्ड की यील्ड पर लगाम लगाएगा। दुनिया में सोने के सबसे बड़ेएक्सचेंज-ट्रेडेड फंड एसपीडीआर गोल्ड ट्रस्ट की होल्डिंग गुरुवार के 1,048.28 टन से 0.3% बढ़कर शुक्रवार को 1,051.78 टन हो गई। चांदी की कीमतें 0.6% गिरकर + 25.61 पर आ गई।

बेस मेटल: बेस मेटल की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना हैं। तांबें की कीमतें 679 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 672 के स्तर पर पहुंच सकती है। शंघाई और एसएमई दोनों में बेस मेटल की कीमतों में आज तेजी का रूझान है क्योंकि निवेशकों ने तुर्की के केंद्रीय बैंक में अचानक उथल-पुथल के बाद वहां की मुद्रा लीरा के कारोबार पर नजर देखीं। लेकिन डॉलर के मजबूत होने से कीमतों पर दबाव रह सकता है। प्रमुख तांबा उत्पादक कोडल्को को 2030 तक चिली में अपने रेडमीरो टोमिक खदान का विस्तार करने के लिए क्षेत्रीय पर्यावरण नियामक से मंजूरी मिल गई है। जिंक पर बिकवाली का दबाव रह सकता है और कीमतें 223 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 210 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। लेड की कीमतें 164 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 160 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। निकल की कीमतें 1180 के स्तर को पार कर गई है और निचले स्तर पर खरीददारी के कारण कीमतों को 1168 पर सपोर्ट रह सकता है और कीमतें 1195 तक बढ़त दर्ज कर सकती है। चीन की इस्पात और निकल उत्पादक त्सिंगशान ने इंडोनेशियाई निकल संसाधन फर्म सिल्करोड निकल से निकल अयस्क खरीदने के लिए दो साल की छूट पर हस्ताक्षर किया हैं। सिल्करोड मार्च 2021 से दिसंबर 2022 तक उच्च श्रेणी के 2.7 मिलियन मीट्रिक टन निकल अयस्क त्सिंगशान को सप्लाई करेगा। एल्युमीनियम की कीमतों में 179 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 175 रू तक गिरावट हो सकती है। इंटरनेशनल एल्युमीनियम इंस्टीट्यूट के अनुसार वैश्विक एल्युमीनियम उद्योग को 2050 तक ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में 77% की कमी करनी चाहिए। 2050 तक एल्युमीनियम की मांग 80% बढ़कर लगभग 180 मिलियन टन हो जाएगी क्योंकि आंशिक रूप से इसकी जरूरत उत्सर्जन में कटौती करने, शहरी इमारतों में और बिजली केबल बिछाने के लिए, इलेक्ट्रिक वाहनों में होती है।

एनर्जी: कच्चे तेल की कीमतों के नरमी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना हैं और कीमतों को 4490 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 4390 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है। पूरे यूरोप में कोविड-19 संक्रमण की एक नई लहर के बाद फिर से लॉकडाउन और ईंधन की मांग को लेकर चिंता के कारण आज तेल की कीमतों में पिछले हफ्ते की गिरावट जारी है और कीमतें 1% की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। एक मसौदा प्रस्ताव के अनुसार, जर्मनी ने कोविड -19 के तीसरे संक्रमणों को रोकने के लिए लगातार पांचवें महीने लॉकडाउन का विस्तार करने की योजना बनाई है क्योंकि अधिकारियों के अनुसार अस्पतालों पर काफी अधिक बोझ है। पेट्रोलियम निर्यातक देशों और उसके सहयोगियों के संगठन ने कोविड-19 महामारी के दौरान कम हुए मांग के बाद वैश्विक बाजारों को संतुलित करने के लिए उत्पादन में अभूतपूर्व कटौती की है। पेरिस स्थित आईईए ने 2021 में कच्चे तेल की मांग अनुमान में पिछले सप्ताह प्रति दिन 2.5 मिलियन बैरल की कमी का अनुमान लगाया है जबकि ईआईए का अनुमान है कि वैश्विक तेल आपूर्ति 2021 की दूसरी छमाही में मांग से अधिक हो जाएगी। नाइजीरिया, अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल उत्पादक, कल अप्रैल-लोडिंग के लिए आधिकारिक तौर पर अपने बिक्री मूल्य में यह कहते हुए कटौती किया है कि आपूर्तिकर्ता बिक्री को प्रोत्साहित करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी पेट्रोलियम संस्थान के अनुसार कच्चे तेल के भंडार का आंकड़ा आज जारी किया जाएगा। विश्लेषकों का अनुमान है कि अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में लगभग 900,000 बैरल की गिरावट होगी। नेचुरल गैस की कीमतों में 180 के स्तर से बढ़त दर्ज की जा रही है । गैस की कीमतों में यह तेजी 180 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 190 रू तक जारी रह सकती है।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव
19:30	अमेरिकी न्यू होम सेल्स(फरवरी)	अधिक	875K	923K	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल
19:30	अमेरिकी न्यू होम सेल्स(माह-दर-माह)(फरवरी)	अधिक	-6.5%	4.3%	मेटल एवं एनर्जी	अनुकूल

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

एसएमसी रिसर्च डेस्क

डिसक्लेमर :

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ हो साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी ववादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।